भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 486**

उत्तर देने की तारीख: 06.02.2024

**सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत विकास**

**486.** श्रीमती गीता कोडा:

श्रीमती नवनित रवि राणा :

श्री रमेश चन्द्र कौशिक:

श्रीमती रमा देवी:

श्री अजय कुमार मंडल:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, बिहार विशेषकर अमरावती, सिंहभूम, सोनीपत, शिवहर और भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में बाधा मुक्त वातावरण, परिवहन प्रणाली और सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत किए गए विकास का ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों में उक्त अभियान के कार्यान्वयन हेतु वर्ष-वार कितना व्यय किया गया है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) और (ख): महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, बिहार में बाधामुक्त वातावरण तथा सूचना एवं संचार पारिस्थितिकी-तंत्र विकसित करने के लिए सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत किए गए विकास का ब्यौरा नीचे तालिका में दिया गया है:

| क्र.सं. | राज्य | वित्त पोषित भवनों की संख्या | सुगम्य बनाए गए भवनों की संख्या (राज्य सरकारों की रिपोर्टों के अनुसार) | सुगम्य बनाई गई वेबसाइटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | 142 | 135 | 23 |
| 2. | झारखंड | 14 | 0 | 40 |
| 3. | हरियाणा | 64 | 3 | 63 |
| 4. | बिहार | 21 | 21 | 0 |

इसके अलावा, अमरावती, सिंहभूम, सोनीपत, शिवहर और भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को सुगम्य भारत अभियान के लक्ष्य 1.1 के तहत चिह्नित नहीं किया गया था; इसलिए अभियान के तहत इन निर्वाचन क्षेत्रों के भवनों की पहचान नहीं की गई। पिछले पांच वर्षों के दौरान ऐसे राज्यों में उक्त अभियान के कार्यान्वयन के लिए किया गया वर्ष-वार व्यय नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/वर्ष | 2018-2019 | 2019-20 | 2020-2021 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | - | - | - | - | - |
| 2. | हरियाणा | 8,80,01,927 | - | - | - | - |
| 3. | झारखंड | 5,83,42,725 | - | - | - | - |
| 4. | महाराष्ट्र | - | - | 6,27,42,550 | - | - |

*****